**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–05.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

## मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाकुंभ में लगाएंगे आस्था की डुबकी, झारखंड से 11 सौ जनजातीय युवा आज प्रयागराज के लिए होंगे रवाना, जनजातीय समागम में लेंगे हिस्सा।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्लोबल बिजनेस समिट में हिस्सा लेने आज जाएंगे कोलकाता, उद्यमियों को झारखंड में निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित।**
- **राज्य सरकार ने सरकारी सेवकों के सोशल मीडिया उपयोग को लेकर जारी किया दिशा–निर्देश, राजनीतिक और सांप्रदायिक गतिविधियों का समर्थन करने वालों पर होगी कार्रवाई।**
- **मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक, राज्य में आंधी–तूफान और लू को घोषित किया जायेगा विशिष्ट स्थानीय आपदा।**
- **38वें राष्ट्रीय खेल की तैराकी प्रतियोगिता में झारखंड के राणा प्रताप ने जीता दूसरा पदक, लॉन बॉल और तीरंदाजी में भी पदक पक्का।**

## अब समाचार विस्तार से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में जाएंगे। इस दौरान वे त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। एक रिपोर्ट–

**********************

इधर, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा महाकुंभ में छह से दस फरवरी तक जनजातीय समागम का आयोजन किया गया है। इसमें वनवासी कल्याण केन्द्र के नेतृत्व में झारखंड से भी 11 सौ जनजातीय युवा हिस्सा लेंगे। युवाओं का यह दल आज कुंभ स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज के लिए रवाना होगा। वनवासी कल्याण केन्द्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि जनजातीय समागम में देशभर के 25 हजार जनजातीय समुदाय के श्रद्धालु शामिल होंगे।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्लोबल बिजनेस समिट में शामिल होने के लिए आज कोलकाता के लिए रवाना होंगे। श्री सोरेन के साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, उद्योग सचिव जीतेन्द्र सिंह और अन्य अधिकारी भी जायेंगे। समिट में झारखंड का भी पवेलियन होगा, जहां निवेशकों को झारखंड में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमियों को झारखंड में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

**********************

केन्द्र सरकार पर कोयला रॉयल्टी की राशि बकाया रहने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दावे पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि एक लाख छतीस हजार करोड़ बकाया होने के नाम पर झामुमो केवल राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस सिलसिले में ब्रेकअप देना चाहिए।

*******************

राज्य सरकार ने सरकारी सेवकों के सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर दिशा—निर्देश जारी किया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इसे लेकर परिपत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी सेवक राजनीतिक और सांप्रदायिक गतिविधियों समर्थन से संबंधित पोस्ट नहीं करेंगे और न ही इसे अपना समर्थन ही देंगे। परिपत्र में यह स्पष्ट है कि शर्तों का उल्लंघन करने पर सरकारी सेवकों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

*******************

राज्य में आंधी—तूफान और लू को विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया जायेगा। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में राज्य में प्राकृतिक कारणों से होने वाली क्षति से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समय से राहत और बचाव कार्य करके प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है।

*******************

जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक चन्द्रशेखर ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

*******************

सुल्तानगंज से देवघर का सफर अब आसान हो सकता है। इन दोनों के बीच एक नयी रेल लाइन का निर्माण कराया जायेगा।

*******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में नौ फरवरी के बाद ठंड की वापसी की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार आठ फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। विभाग का अनुमान है कि 8 और 9 फरवरी को रांची समेत पूरे राज्य में हल्के बादल छाये रहेंगे। इसके बाद बादल छंटते ही सर्द हवा के कारण एक बार फिर ठंड में इजाफा होगा।

*******************

साहिबगंज जिले का उधवा पक्षी आश्रयणी प्रवासी पक्षियों के लिए काफी अनुकूल है। यही कारण है कि यहां हर वर्ष विदेशी पक्षियों का आगमन होता है। विस्तृत ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

*******************

38वें राष्ट्रीय खेल की तैराकी प्रतियोगिता में झारखंड के राणा प्रताप ने दूसरा पदक जीत लिया है। उन्होंने सौ मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में भी कांस्य पदक हासिल किया है। वहीं लॉन बॉल की टीमों का भी अच्छा प्रदर्शन रहा और झारखंड ने इस स्पर्द्धा में पांच पदक पक्के कर लिये हैं। महिला हॉकी टीम ने भी जीत के साथ शुरुआत की है जबकि महिला तीरंदाजी के रिकर्व में दीपिका कुमारी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में महाराष्ट्र की गाथा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दीपिका का सामना कल बिहार की आशिका कुमारी से होगा।

*******************

## अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झामुमो के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत द्वारा केन्द्र सरकार पर हमले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– जरुरत पड़ी तो बकाया रॉयल्टी के लिए बंद करा देंगे खदानें।

**हिन्दुस्तान** ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री के जवाब को अपनी सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– चलते ऑटो पर गिरा हाईमास्ट लाइट का टावर, मां–बेटी की मौत, पांच घायल।

**दैनिक जागरण** लिखता है– दुकान बंद कर लौट रहे चाचा–भतीजा की गोली मारकर हत्या।

*************